दैनिक जागरण inext

PAGE NO.- 04 : MIDDLE

# बाप के पास हर समस्या का समाधान

## एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक भंवर का हुआ मंचन



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (27 July):** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम नाटक भंवर का मंचन हुआ. डा. प्रभाकर गुप्ता द्वारा नाट्य रूपांतरित इस नाटक के संवाद अश्वनी कुमार ने लिखे और निर्देशन विनायक कुमार श्रीवास्तव ने किया. इस नाटक में कर्ज और उससे होने वाली परेशानी को दिखाया गया. इसकी कहानी छोटे शहर ने नौकरी करने बड़े आयी तान्या के इर्द गिर्द घूमती है. जो कर्ज से परेशान हो फांसी लगा जान देने की तैयारी कर रही होती है. उसी समय दरवाजे की घंटी बजती है. वह दरवाजा खोलती है और सामने एक डिलीवरी बॉय को देखती है. तान्या अनमने मन से उससे पार्सल लेती है और उसे वापस जाने को कहती है. लड़का प्यास लगने के कारण तान्या से पानी मांगता है. तान्या पानी लेने जाती है तभी लड़के की नजर कमरे में लगे पंखे से लटक रहे फांसी के फंदे पर पड़ती है. लड़का तान्या से फांसी की वजह जानना चाहता है. तान्या बताती है कि वो लोन न चुका पाने के कारण फांसी लगाने जा रही है. वह बताती है कि कैसे पढ़ाई लिखाई के बाद छोटे शहर से निकल कर बड़े शहर में उसको एक अच्छी नौकरी मिली. आफिस में उसकी बॉस रिमझिम उसे आधुनिक लाइफ के लिए उकसाती है. उसके कहने पर तान्या बैंक से लोन लेकर बड़ा अपार्टमेंट, महंगा फोन, लग्जरी सामान और बड़ी कार खरीद लेती है.